(10)

फैक्स / ईमेल / महत्वपूर्ण / समयबद्ध

उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद–1

संख्याःबारह / ए–142(आ0फो0) / 2016 दिनांकःनवम्बर, 5 ,2016

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष,
पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश।

विषय– उ0प्र0 पुलिस एवं आर्म्ड फोर्सेज सहायता संस्थान, लखनऊ से अनुग्रह अनुदान, बच्चों की वार्षिक शिक्षा अनुदान एवं पुत्री की शादी हेतु आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

---

कृपया अवगत कराना है कि पुलिस मुख्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 28.04.2016 व 02.09.2016 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जो कर्तव्यपालन मे अभियान के दौरान शहीद पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों को उ0प्र0 पुलिस एवं अर्म्ड फोर्सेज सहायता संस्थान से आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में है।

2– उल्लेखनीय हैं कि प्रदेश में कानून व्यवस्था के रख–रखाव / साम्प्रदायिक दंगो / दैवी आपदाओं एवं उनके दौरान बचाव कार्य / दस्यु उन्मूलन अभियान / अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु समय–समय पर केंन्द्र / राज्य सरकार द्वारा परिचालित अन्य विशेष अभियानों / आतंकवाद की घटनाओं में वीरगति प्राप्त हुए / स्थाई रूप से अपंग हुए मामलों में उ0प्र0 पुलिस एवं आर्म्ड फोर्सेज सहायता संस्थान, लखनऊ से प्रदान की जाने वाली आर्थिक सहायता हेतु प्रस्ताव कम संख्या में प्राप्त होने के कारण पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त किया गया है।

3– अतएव कृपया अपने जनपद / इकाई में उ0प्र0 पुलिस एवं आर्म्ड फोर्सेज सहायता संस्थान की नियमावली का व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए शहीद कर्मियों के आश्रितों को आर्म्ड फोर्सेज सहायता संस्थान से अनुग्रह धनराशि प्रदान करने एवं जिन कर्मियों के आश्रितों को संस्थान से अनुग्रह धनराशि प्रदान की जा चुकी है, उन कर्मियों के आश्रित बच्चों को वर्षिक शिक्षा अनुदान एवं आश्रित पुत्रियों की शादी हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने के सम्बन्ध में प्राथना पत्र प्राप्त कर नियमानुसार प्रस्ताव 15 दिवस के अन्दर पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(डा0 संजीव गुप्ता)
पुलिस महानिरीक्षक,भवन / कल्याण,
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपि पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक के सहायक, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को कृपया पुलिस महानिदेशक,उत्तर प्रदेश महोदय के संज्ञानार्थ पेषित।